*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# उद्यमिता विकास विकास हेतु संगोष्ठी, कार्यशाला शनिवार से

वर्धा, 24 फरवरी 2017: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा संचालित सामुदायिक महाविद्यालय में "खादी और वस्त्रोद्योग में उद्यमिता विकास" विषय पर 25 एवं 26 फरवरी को संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उदघाटन विश्वविद्यालय के गालिब सभागार में सुबह 10 बजे होगा। उदघाटन के बाद प्रतिभागी कताई बुनाई सीखने के लिए सामुदायिक महाविद्यालय के प्रयोगशाला और निवेदिता निलयम में जाएंगे। कताई बुनाई कार्यशाला दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी।

शनिवार को उदघाटन सत्र में डॉ. विभा गुप्ता, मगन संग्रहालय, वर्धा, डॉ. उल्हास जाजू, सेवाग्राम और हिंदी विश्वविद्यालय से प्रो. देवराज, प्रो. मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्य शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे । अन्य सत्रों में डॉ. पुष्पेंद्र दुबे, इंदौर श्री बलवंत ढगे, वर्धा, प्रो. संदीप के. सोनी, यवतमाल, श्री. एस. एस. पठान, हिंगनघाट, अतुल शर्मा, वर्धा, डॉ. अंजनी कुमार सिंह, दिल्ली, श्री विवेक सक्सेना, हिंगनघाट, प्रो. मनोज एम. राय, नागपुर राहुल गजभिये, केवीआईसी, नागपुर, श्री किशोर भाई, निवेदिता निलयम, वर्धा, श्री सुबास एस. नायर, श्री के सी जयकृष्णन, केरल, श्रीमती मनीषा ताई आदि उपस्थित रहेंगे ।

रविवार, 26 फरवरी शाम 5 बजे से डिप्लोमा इन टेक्सटाईल टेक्नॉलॉजी के विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर खादी और वस्त्र का फैशन शो भी किया जाएगा। उक्त आयोजन में सहभागी होने की अपील डॉ. मनोज कुमार राय,नोडल अधिकारी सामुदायिक महाविद्यालय, म. गां. अं. हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा ने की है।